तापमान
अधिकतम 40 .4 डिग्री
न्यूनतम 22.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 1 मई 2025

14 आंचल बनी मिस फेयरवेल, ऋतिक मिस्टर हैंडसम बने



14 ड्रोन उड़ाने के लिए फोटोग्राफरों को अब लेनी होगी परमिशन



**खबर संक्षेप**

### कंटेनर की टक्कर से दो श्रमिकों की मौत

**पानीपत।** पानीपत में हरिद्वार हाईवे पर कंटेनर ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मारी। वहीं ट्राली में सवार प्रवीण व राजू निवासी गांव रामडा आर जिला पानीपत सडक पर गिर गए और कंटेनर के पहियों के नीचे कुचले गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। जबकि चालक कंटेनर को लेकर उत्तर प्रदेश की सीमा में फरार हो गया। वहीं, सनौली थाना पुलिस ने मृतक प्रवीण के भाई रोहित की शिकायत पर कंटेनर के अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया और पोस्टमार्ट के बाद प्रवीण व राजू का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की जांच में पता चला कि दोनों तूडा ढुलाई के कार्य में मजदूरी करते थे। इधर, प्रवीण व राजू की मौत से गांव में शोक छाया हुआ है और दोनों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पाइप लाइन से तेल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की मथुरा-पानीपत पाइप लाइन से तेल चोरी के मामले में फरार चौथे आरोपी हरदीप निवासी गांव सिवाह को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इस्पेक्टर विजय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि थाना समालखा में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन उतरी क्षेत्र पाइप लाइन के वरिष्ठ प्रबंधक हंसराज मीना की शिकायत पर केस दर्ज है।

## कृषि मंत्री ने अटल किसान मजदूर कैंटीन का किया शुभारंभ

# कुरुक्षेत्र में स्थापित की जाएगी सूरजमुखी ऑयल मिल : राणा

### देशी गाय खरीदने के लिए 30 हजार की सब्सिडी दे रही सरकार

- 3.74 करोड़ की लागत से होगा अनाज व सब्जी मंडी की सड़कों का मरम्मत कार्य

**हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहाबाद**



**शाहाबाद।** कैंटीन का शुभारंभ करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा सूरजमुखी शाहाबाद क्षेत्र में पैदा की जाती है, जिसको देखते हुए कुरुक्षेत्र में सूरजमुखी ऑयल मिल स्थापित की जाएगी, 15 जून तक सभी सडक़ों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसी कड़ी में शाहाबाद अनाज मंडी व सब्जी मंडी की सड़कों की 3 करोड़ 74 लाख रुपए में मरम्मत की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है,जो किसान की प्रगति में योगदान दे रही है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान अपने स्वास्थ्य, भूमि, वातावरण और समाज को नई दिशा दे सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बुधवार को शाहाबाद अनाज मंडी में स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जाने वाली अटल किसान मजदूर कैंटीन का शुभारंभ किया। साथ ही हरियाणा मार्केट विपणन बोर्ड द्वारा अनाज मंडी व सब्जी मंडी की सड़कों की 3.74 करोड़ रुपये की लागत से होने वाली मरम्मत के कार्य का शिलान्यास किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने 10 रुपये की थाली लेकर खाना खाया।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रति एकड़ एक देशी गाय खरीदने के लिए 30 हजार रुपये की सब्सिडी दे रही है। गाय के पालन से घर में पीने के लिए दूध होगा और साथ ही गोबर से खाद तैयार करके प्राकृतिक खेती की जाएगी। किसानों को अपने घर में प्रयोग होने वाले अनाज को प्राकृतिक खेती से जरूर तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, यहां पर कृषि को अच्छे से किया जाए तो देश की बेरोजगारी को दूर करना आसान होगा। युवाओं को खेती के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे किसान प्रोग्रसिव खेती करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। खेतों में दवाइयों के प्रयोग से बीमारियां बढ़ रही हैं। किसानों को अपने खेतों में फसल के अवशेषों में आग नहीं लगानी चाहिए। 20 मई तक ड्रील से धान की रोपाई करें। इस विधि से खेत में पानी को खड़ा रखने की जरूरत नहीं है। सिर्फ भूमि का गीला रखने से ही धान की फसल से अच्छी पैदावार प्राप्त होगी। इससे धान रोपाई की मजदूरी और पानी की काफी अधिक मात्रा में बचत होगी। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसानों व मजदूरों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। अब तक प्रदेश में 80 जगह पर अटल किसान मजदूर कंटीन स्थापित की जा चुकी हैं, जहां पर किसान व मजदूरों को 10 रुपए में भरपेट खाना दिया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रति थाली 15 रुपए की सब्सिडी सरकार द्वारा कंटीन चलने वाली संस्था को दी जाती है। भाजपा सरकार का लक्ष्य सभी अनाज मंडियों में अटल किसान मजदूर कंटीन स्थापित करना है, जिसको जल्द ही पूरा किया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम शाहाबाद डॉ. चिनार चहल, एक्सईएन सतीश बांगड़, भाजपा नेता रविंद्र सांगवान, अनाज मंडी प्रधान धनपत राय अग्रवाल, दीपक आनंद आदि मौजूद रहे।

**खरीद के खास प्रबंध**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिस क्षेत्र में जो फसल उगाई जाती है, उसके लिए खरीद के विशेष प्रबंध किये गए हैं। भाजपा की सरकार ने जिसकी फसल उसका पैसा नीति के तहत किसानों की फसल का पैसे सीधे उनके खातों में भेजा जा रहा है। फसल व सब्जियों को भावांतर भरपाई योजना के तहत कवर किया जा रहा है।

# खेत में खून से लथपथ मिला महिला का शव



**यमुनानगर।** बुडिया सैनी फार्म हाउस के पास मिले महिला के शव के मामले में कार्रवाई करती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

- शव के पास से दरी और अन्य कपड़े हुए बरामद
- शिनाख्त के डर से चेहरे को बुरी तरह से कुचला गया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

कस्बा बुडिया स्थित सैनी फार्म हाउस के पास नेपियर घास के खेत में बुधवार सुबह करीब 30 वर्षीय एक महिला का शव खून से लथपथ हालत में मिला। मृतका के चेहरे को बुरी तरह से कुचला गया था ताकि उसकी पहचान न हो सके। शव के पास से एक दरी व अन्य कपड़े बरामद हुए हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए शव गृह में रखवा दिया। स्थानीय निवासी राजीव ने बताया कि सड़क किनारे एक खेत में नेपियर घास उगी हुई है। सुबह गांव की दो महिलाएं घास काटने के लिए खेतों में आई। इस दौरान उन्हें खून से लथपथ हालत में एक महिला का शव पड़ा हुआ। मृतका के दोनों हाथों में लाल चूड़ा डाला हुआ था और महिला के मुंह को बुरी तरह से कुचला गया था। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से शव के पास पड़ी दरी व अन्य कपड़े बरामद किए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

**शिनाख्त के प्रयास**

बुडिया थाना प्रभारी नर सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे थे। महिला की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया गया है। जल्द ही मृतक की पहचान कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पंजाब रोडवेज की बस में महिला की डिलीवरी

- ईएमटी ने निभाई अहम भूमिका, जच्चा-बच्चा को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया

**अंबाला।** अंबाला शहर के कालका चौक के निकट एक महिला ने दोपहर पंजाब रोडवेज की बस में बच्ची को जन्म दिया। बताया जा रहा है कि महिला अंबाला कैंट से पंजाब रोडवेज की बस में बैठी थी। यह बस हरिद्वार से पटियाला की ओर जा रही थी। जैसे ही बस कालका चौक के समीप पहुंची तो महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इसके बाद पंजाब रोडवेज बस चालक ने सुझबुझ दिखाते हुए बस को एक प्राइवेट अस्पताल के बाहर रोक दिया।

इसी बीच अंबाला शहर नागरिक अस्पताल में एम्बुलेंस पर तैनात चालक राकेश कुमार अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे तो उन्होंने इस पूरे मामले को समझा। राकेश कुमार ने तुरंत फोन करके इसकी सूचना नागरिक अस्पताल में दी। सरकारी एम्बुलेंस को मौके पर बुलाया। नागरिक अस्पताल से ईएमटी राजकुमार ने बस में अन्य महिलाओं की मदद से महिला की डिलीवरी करवाई। इसके बाद महिला को नागरिक अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में जच्चा व बच्चा दोनों सुरक्षित है।

पंजाब रोडवेज की बस में सवार महिला व पुरुष यात्रियों ने कंधे से कंधा मिलाकर मदद की। एक तरफ जहां महिलाओं ने आनन-फानन में अपने पल्लू उतारकर पर्दा किया वहीं पुरुष यात्री भी बस से नीचे उतारकर हर संभव मदद करते रहे। आखिर ने ईएमटी ने जन्मे बच्चे को नाल से अलग किया व जच्चा-बच्चा को अस्पताल पहुंचाया।

## निःशुल्क धार्मिक यात्रा का आयोजन कल

**तरावड़ी।** मां अन्नपूर्णा आश्रम की ओर से 2 मई को निशुल्क यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जो यात्रा श्री शुक्रताल एवं हरिद्वार तीर्थ स्थान पर जाएगी। आश्रम के संरक्षक साधूराम सिंगला एवं मा. बालकिशन त्रिपाठी ने कहा कि इस बार की तीर्थ यात्रा कमला मार्बल्स के सीएमडी रमेश जिंदल के परिवार के सौजन्य से जा रही है। जो पूरी तरह से निशुल्क होगी। यात्रा 2 मई को शाम पांच बजे अन्नपूर्णा आश्रम से चलेगी।

यात्रा के दौरान पहला पड़ाव श्री शुक्रताल में स्नान, प्रवचन होंगे तथा उसके बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्री शुक्रताल वह स्थान है जहां पर महाराज परीक्षित को महाराज वेदव्यास ने बरगद के वृक्ष के नीचे भागवत की कथा सुनाई थी। वहां पर भागवत पर आचार्य सुदर्शन शास्त्री एवं आचार्य ओमप्रकाश शर्मा श्री मद् भागवत पर अपना व्याख्यान देंगे। उसके बाद यात्रा हरिद्वार पहुंचेगी। जहां श्री ललिता आश्रम में ठहराव होगा।

## हेरोइन तस्करी में छह लोग गिरफ्तार

- नशों तस्करों के कब्जे से भारी मात्रा में हेरोइन जब्त की

**अंबाला।** सीआईए शहजादपुर ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। तीनों मामलों में पुलिस ने 6 आरोपियों को काबू कर 177 ग्राम 83 मिलिग्राम ग्राम हेरोइन बरामद की है। दरअसल थाना शहजादपुर क्षेत्र के रछेड़ी मोड़ गांव मघरपुरा के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी साहिल व कर्ण उर्फ जीतू को 157 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी साहिल को 3 दिन के रिमांड पर लिया था। पुलिस ने सूचना के बाद गांव मघरपुरा के पास नाकाबंदीकर आरोपियों को काबू किया था। तलाशी लेने के बाद पुलिस ने आरोपियों की गाड़ी से 157 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ दीपा व कुणाल उर्फ कुन्नी को 14 ग्राम 71 मिलिग्राम हेरोइन सहित काबू किया गया है। थाना नग्गल में दर्ज नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी जगजीत उर्फ जग्गी व रणधीर को 6 ग्राम 12 मिलिग्राम हेरोइन समेत काबू किया है। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि नशा एक अभिशाप है।

## रबड़ रोलर फैक्ट्री संचालक से ठगे साढ़े नौ लाख रुपये

- अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने पांसरा स्थित रबड़ रोलर फैक्ट्री संचालक अमरजीत से साढ़े नौ लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने उसे ई-मेल अपडेट करने की बात कहकर एपीके फाइल भेजी। जिस पर क्लिक करते की फैक्ट्री संचालक का मोबाइल हैंग हो गया।

15 मिनट बाद जब फोन ठीक हुआ तो फैक्ट्री संचालक के खाते से चार ट्रांजेक्शन में साढ़े नौ लाख रुपये निकलने के संदेश आए। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पांसरा निवासी अमरजीत ने बताया कि उसकी गांव में ही रबड़ की रोलर बनाने की फैक्ट्री है। 25 अप्रैल को उनके पास कॉल कर एक युवक ने खुद को एचडीएफसी बैंक कर्मी बताया।

वह बोला कि बैंक खाते वाली ईमेल को अपडेट करना है, इसलिए आपको एक एपीके फाइल भेजी है। जिस पर क्लिक कर दीजिए। उसने भरोसा कर एपीके फाइल पर क्लिक किया। क्लिक करते ही उसका मोबाइल हैंग हो गया। तभी उनके मोबाइल पर एक खाते से रुपये निकलने से चार संदेश आए।

## लेबर कम मिलने पर पेनल्टी लगाने के निर्देश

- निगमायुक्त ने कॉमर्शिलय स्पेस परियोजना का किया निरीक्षण
- गांधी मेमोरियल हाल का होगा नवीनीकरण : डा. वैशाली

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**

**कार्य की गुणवत्ता जांच जारी रखें**

उन्होंने मौके पर मौजूद कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिए कि वह रोजाना किए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट और लेबर की संख्या भेजना सुनिश्चित करें। कार्य की गुणवत्ता भी चेक करते रहें। उन्होंने कार्यकारी अभियंता से सैम्पल टैस्ट करवाते रहने को भी कहा। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधि को भी निर्देश दिए कि लेबर की संख्या पूरी रखी जाए और कार्य को तेज गति से किया जाए।

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बुधवार को शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थल पर निर्माणाधीन कॉमर्शिलय स्पेस परियोजना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा तथा तकनीकी सहालकार महीपाल सिंह मौजूद रहे।

निगमायुक्त ने कॉमर्शियल स्पेस परियोजना स्थल का पैदल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति जानी। लेबर की संख्या भी चेक की। लेबर कम मिलने और कार्य की धीमी गति के चलते उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि एजेंसी पर नियमानुसार पेनल्टी लगाई जाए। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधि को पर्ट चार्ट भी जमा करवाने के निर्देश दिए और कहा कि उसी के अनुसार ही कार्य को समय पर पूरा करके दें। बता दें कि कॉमर्शिलय स्पेस परियोजना शहर के लिए महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके बनने से शहरवासियों को पार्किंग के साथ-साथ शॉपिंग, फूड कोर्ट तथा गेमिंग जोन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह तीन तल का होगा। इसमें डबल बेसमेंट बनाई जाएंगी, जिसमें वाहनो के लिए पार्किंग की जगह होगी। भूतल व प्रथम तल पर शॉपिंग एरिया होगा। द्वितीय तल पर रेस्टोरेंट व फूड कोर्ट होंगे तथा तृतीय तल पर मनोरंजन के लिए गेमिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण पर अनुमानित 27 करोड़ 95 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने अक्तूबर 2025 तक इसे मुकम्मल करने की उम्मीद जताई। गांधी मेमोरियल हाल का होगा नवीनीकरण- निगमायुक्त ने पुराने कमेटी चौक स्थित गांधी मेमोरियल हाल (विक्टोरिया मेमोरियल हाल) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मेमोरियल हाल, छत व पार्क का भ्रमण कर इसमें क्या-क्या कार्य करवाए जाने हैं, को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल की मूल संरचना से कोई छेड़छाड़ न की जाए। इसकी अच्छे से मरम्मत करवाई जाए।

## जहरीला पदार्थ निगलने से विवाहिता की मौत

- भाई की शिकायत पर पति समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगलने से विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने के आरोप लगाए हैं। घटना मंगलवार देर रात्रि की है। पुलिस ने भाई की शिकायत पर पति समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

सोनीपत के गांव दातौली के रहने वाले बलेश ने अपनी शिकायत मे कहा कि उसकी बहन 24 वर्षीय अंजू की शादी करीब 5 साल पहले देवीदासपुरा के रहने वाले गौतम के साथ हुई थी। शादी से उसे दो बेटियां हैं। शादी के बाद से उसकी बहन का पति गौतम, सास बाला और देवर गौरव उसकी बहन को दहेज के लिए परेशान करते थे। गत रात्रि 8 बजे उसे सूचना मिली कि उसकी अंजू की मौत हो गई है। वह तुरंत अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचा। आरोप लगाया कि गौतम, गौरव और बाला ने उसकी बहन के साथ मारपीट कर उसे जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया।

## शिमला मिर्च के भाव 25 से बढ़कर पहुंचे 28 रुपये

# शिमला मिर्च से किसानों को फीलगुड

- फसल से आर्थिक स्थिति मजबूत होने की किसानों को जगी आस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**



**यमुनानगर।** जठलाना क्षेत्र के एक खेत में लहलहाते हुए शिमला मिर्च की फसल।

परंपरागत फसलें छोड़कर सब्जी की फसलों की पैदावार करने के प्रति बढ़े रुझान के अंतर्गत इस बार शिमला मिर्च की फसल के बढ़े भाव ने किसानों को फीलगुड करवा दिया है। किसानों के मुताबिक शिमला मिर्च की फसल के आजकल थोक में भाव 24 से 28 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गए हैं। जिससे उन्हें शिमला मिर्च की फसल से अच्छा लाभ होने की उम्मीद है।

खास बात यह है कि शिमला मिर्च को इस बार व्यापारी खेतों से ही खरीद रहे हैं और किसानों का सब्जी मंडी में ले जाने का शिमला मिर्च की ढुलाई का खर्च भी बच रहा है। सरकारी आंकड़ो की बात करें तो जिले में इस बार करीब चार हजार एकड़ में शिमला मिर्च की फसल लहलहा रही है।

अधिकांश खेतों में अगेती लगी शिमला मिर्च की फसल तैयार हो चुकी है और उसकी तुड़ाई चल रही है। किसानों की मानें तो शिमला मिर्च के भाव इस बार थोक में जहां 24 से 28 रुपये तक प्रति किलो पहुंच गए हैं। वहीं, परचून में शिमला मिर्च प्रति किलो 30 रुपये अधिक दामों पर बिक रही है। बुधवार को व्यापारियों ने कई जगह खेतों में पहुंचकर शिमला मिर्च को 24 रुपये प्रति किलोग्राम खरीदा गया।

**आर्थिक लाभ की आस**

सब्जी उत्पादक किसान राजबीर सिंह, पून्ना, शिवपाल, राजेंद्र व प्रदीप आदि ने बताया कि उन्होंने इस बार अन्य फसलों को छोड़कर अपने खेतों में शिमला मिर्च की फसल लगाई हुई है। पिछले करीब एक सप्ताह से वह खेतों में तैयार हो चुकी शिमला मिर्च की तुड़ाई करवा रहे हैं। बुधवार को उनके खेतों से व्यापारियों ने 24 से 28 रुपये प्रति किलोग्राम शिमला मिर्च की खरदी की। उन्हें शिमला मिर्च के आगे और दाम बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि यदि इस बार मौसम ठीक रहा और शिमला मिर्च के भाव और बढ़े तो उन द्वारा फसल तैयार करने पर प्रति एकड़ खर्च किए गए 70 से 80 हजार रुपये निकलने के बाद अच्छा खासा मुनाफा होने की उम्मीद है।

### बिजली की 6.30 किमी लंबी लाइन के तार चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव भाऊपुर व कालखा के बीच चोरों ने बिजली की 6.30 किलोमीटर लंबी लाइन के तार चोरी कर लिए। चोरी हुए एसीएसआर जेवरा तार की कीमत लगभग 37 लाख रुपए है। स्मरणीय है कि हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की योजना के तहत 220 केवी गांव नैन से पानीपत सेक्टर-एक और जाटल रोड तक 132 केवी लाइन का निर्माण कार्य चल रहा था।

इधर, कंपनी के इंजीनियर आशुतोष कुमार झा ने बताया कि 16 अप्रैल तथा 28 अप्रैल को गांव भाउपुर और कालखां के बीच से लगभग 6.30 किलोमीटर लंबी लाइन के तार चोरी हो गए। चोरी हुए एसीएसआर जेवरा तार की कीमत लगभग 37 लाख रुपए है। इधर, आशुतोष झा की शिकायत पर थाना इसराना ने अज्ञात लोगों पर बिजली का तार चोरी करने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम का यह प्रोजेक्ट हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

## दंपति से डिजिटल अरेस्ट कर 2.68 करोड़ की ठगी करने वाले चार काबू

- आरोपियों से पुलिस ने 25 लाख रुपये की रिकवरी की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**



**अंबाला।** पकड़े गए चारों आरोपी पुलिस हिरासत में। *फोटो : हरिभूमि*

डिजिटल अरेस्ट के मामले में पुलिस ने राजस्थान से चार आरोपियों को काबू किया है। पुलिस अब रिमांड के जरिए आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने 29 अप्रैल 2025 को आरोपी देवेंद्र सिंह वासी जिला अलवर राजस्थान, रवि वासी गांव मोलोनी राजस्थान, इंद्र वासी भरतपुर राजस्थान व अमोल सिंह वासी गांव पास्ता राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने पांच दिन के रिमांड पर लिया है। अब पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों से लगभग 25 लाख रूपये बरामद किए जा चुके हैं। पालम विहार के रहने वाले रिटायर्ड बैंक कर्मचारी राजेंद्र कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2025 से 5 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपियों ने उसे फर्जी पुलिस अरेस्ट वारंट भेजकर तथा डरा धमका कर डिजिटल अरेस्ट किया था। इस दौरान आरोपियों ने राजिंद्र की पत्नी को भी डिजिटल अरेस्ट कर 2.68 करोड़ रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने आरोपियों से मोबाइल फोन समेत कई इलेक्ट्रोनिक उपकरण भी जब्त किए हैं। उधरपुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने आमजन से अपील है कि साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक बनें।

# प्राचीन बलभद्र के मंदिर में अक्षय तृतीया पर मेले का आयोजन

उड़ीसा के भगवान जगन्नाथपुरी मंदिर के बाद उत्तर भारत में है यह दूसरा बलभद्र भगवान का प्राचीन मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

प्राचीन भगवान बलभद्र मंदिर धौलरा में अक्षय तृतीय के अवसर पर बुधवार को एक दिवसीय मेले व दंगल का आयोजन किया गया। हरियाणा समेत अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर भगवान बलभद्र के दर्शन किए। इस दौरान भंडारे व दंगल का आयोजन भी किया गया।

बुधवार सुबह से ही भगवान बलभद्र के मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। गर्मी के बावजूद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी दिखाई नहीं दी। मेले में हरियाणा के साथ हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के श्रद्धालू पहुंचे। मेले में मत्था टेकने आए श्रद्धालु सुदेश कुमार, गुरनाम सिंह, रोहित व सुरेश ने बताया कि उनकी मंदिर से आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर में मांगी गई हर मन्नत भगवान बलभद्र पूरी करते हैं। वह हर वर्ष अक्षय तृतीय के अवसर पर लगने वाले इस मंदिर में माथा टेकने के लिए आते हैं। उनका कहना है कि जो कोई भी व्यक्ति सच्चे मन व आस्था के साथ भगवान बलभद्र जी के इस मंदिर में मन्नत मांगता है उसकी हर मन्नंत पूरी होती है। मेले में आई महिलाओं व बच्चों ने मेले में सजी दुकानों से जमकर खरीददारी की। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर के बाद दंगल का आयोजन भी किया गया। जिसमें भारी संख्या में पहलवानों ने पहुंचकर दंगल में भाग लिया।

## हरियाणा समेत अन्य राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान बलभद्र के किए दर्शन





### गांव धौलरा में हैं भगवान का मंदिर

गुरनाम सिंह धौलरा ने बताया कि मेले की परम्परा हजारों वर्ष पुरानी है। मंदिर में स्थापित मूर्ति हजारों वर्ष पूर्व यहां स्थित मणीकरण तालाब की खुदाई के दौरान मिली थी। तब गांव में भगवान बलभद्र जी के मंदिर की स्थापना की गई। भगवान बलभद्र के पूरे भारत में केवल दो ही मंदिर है, जिसमें से एक गांव धौलरा में तो दूसरा जगन्ननाथ पुरी में है। भगवान बलभद्र जी के मंदिर की पूरे देश में अपार आस्था है। जिस कारण यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते है।

## खबर संक्षेप



### खाटू श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**यमुनानगर।** गांव नाचरौन में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान खाटू श्याम का संकीर्तन करवाया गया। जिसमें भजन गायक जयपाल एंड पार्टी ने भजनों के माध्यम से हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान भजनों का श्रवण कर श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में भक्तिमय हो गए। श्रद्धालु राज सिंह, गुलाब सिंह, मास्टर साहब सिंह, सचिन राणा व अमनदीप आदि ने बताया कि श्रद्धालु एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. लाभ सिंह के निवास स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन करवाया गया। संकीर्तन से पहले सभी की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए हवन करवाया गया। संकीर्तन में भजन गायक जयपाल एंड पार्टी ने जैसे ही बाबा खाटू श्याम महिमा का गुणगान शुरु किया तो श्रद्धालु झूम उठे और कई घंटे तक भजनों का श्रवण करते हुए भाव विभोर हो गए। संकीर्तन के समापन पर हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। भजन गायल जयपाल ने बताया कि बाबा खाटू श्याम हारे के सहारे हैं। इनकी महिमा का गुणगान करने और श्रवण करने से जहां श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी होती हैं, वहीं, लोगों के बिगड़े काम बनते हैं।

### धर्म व शादी करने के बहाने लूटी अस्मत, रंजिश में युवक को पीटा

# सत्संग में ले जाने के बहाने होटल में ले जाकर युवती से किया दुष्कर्म

सत्संग के दौरान चाय की दुकान पर हुई थी दोनों की मुलाकात, फोन पर बातचीत से हुआ था प्यार, सत्संग में जाने के बहाने युवती को घर से बुलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को सत्संग में ले जाने के बहाने युवक ने उसे होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। जिसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार गलत काम किया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह छछरौली में आयोजित सत्संग में आई थी। इस दौरान वह एक दुकान पर चाय पीने लगी तभी उनके पास गांव कूपपुर दसोरा निवासी गौरव अपने एक अन्य दोस्त के साथ आया। आरोपी ने सत्संगी होने की बात कह कर उनसे बातचीत करनी शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद आरोपी उसे फोन पर बात करने लगा। आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया।

युवती ने बताया कि मई 2024 को आरोपी ने उसे सत्संग में ले जाने के बहाने से गांव के अड्डे पर बुलाया। जब वह वहां पहुंची तो आरोपी उसे अपने साथ बाइक पर बिठाकर एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार गलत काम किया।

परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ परिजनों को बताया। परिजनों ने जब आरोपी से बात की तो आरोपी उनके घर पर जाकर उसके माता-पिता के साथ गाली गलौच करने लगा। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गौरव के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शादी का झांसा देकर नाबलिग से दुष्कर्म

- गांव के युवक पर लगाए आरोप, केस दर्ज।

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सदर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय लड़की ने बताया कि उसकी गांव के ही तौफीक के साथ दोस्ती थी। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसे पसंद करता है और उसके साथ शादी करना चाहता है। वह आरोपी की बातों में आ गई। इस दौरान आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी करीब छह महीने से उसे शादी का झांसा देकर गलत काम करता आ रहा है। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी तौफीक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### करपान व रॉड से हमला, तीन घायल

- पुरानी रंजिश का मामला, आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ केस दर्ज

यमुनानगर। गांव जटहेड़ी में कहासुनी होने पर दर्जन भर से अधिक लोगों ने परिवार के तीन सदस्यों पर करपान व लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों को नामजद करते हुए 8-10 अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव जटहेड़ी निवासी सुमेरचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका कुछ दिन पहले गांव के ही जिंघल व निखिल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया मगर इसके बाद से आरोपी उनसे रंजिश रखने लगे। सुमेरचंद ने बताया कि 27 अप्रैल की रात को वह अपने परिवार के सदस्यों निर्मल व राजकुमार के साथ किसी काम से जा रहा था। इस दौरान उनकी रंजिश के चलते आरोपी जिंघल व निखिल के साथ कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर आरोपियों ने अपने साथियों लक्की, टोनी, मंगाराम, राकेश व 8-10 अन्य के साथ मिलकर उन पर करपान व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में वह तीनों घायल हो गए। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोगों के पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद छह आरोपियों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मिट्टी के कसौरे वितरित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

# मिट्टी के कसोरे वितरित, पक्षियों का दाना-पानी रखने का आह्वान

- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर में मुकंदलाल स्कूल में किया अभियान का शुभारंभ
- मंत्री का जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों से आगे आने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भीषण गर्मी के मद्देनजर बेजुबान पक्षियों व जानवरों को राहत देने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से मुकंदलाल स्कूल में बुधवार को दाना पानी मुहिम का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया।

श्याम सिंह राणा ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को पक्षियों के लिए पानी व दाने के लिए मिट्टी के पात्र वितरित कर इस पहल की शुरुआत की। राणा ने कहा कि गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना मानवीय दायित्व है। जैसे गौशालाओं में मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था की जाती है, उसी प्रकार अब पक्षियों के लिए भी सोचने की जरूरत है। उन्होंने इस मुहिम को भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह न केवल एक सामाजिक प्रयास है, बल्कि करुणा व संवेदनशीलता की मिसाल भी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आम जनमानस को जागरूक करना है कि वे अपने घरों की छतों, बालकनियों, आंगनों आदि में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें।

अभियान के तहत लोगों से अपील की गई है कि वे मिट्टी या स्टील के छोटे बर्तन में स्वच्छ पानी रखें तथा बाजरा, चावल या अनाज के दाने नियमित रूप से रखें जिससे पक्षियों को भोजन व पानी आसानी से उपलब्ध हो सके। हम सभी का यह एक छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। इस मौके पर जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता, एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार, बीडीपीओ श्याम लाल, एसएमओ डॉ.विजय परमार समेत कई अतिथिगण मौजूद रहे।

# सविता देवी भाजपा रादौर मंडल की बनी उपाध्यक्ष, आभार जताया

- कार्यकर्ताओं ने नियुक्ति पर जताई खुशी, कृषि मंत्री व नेताओं का किया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा मंडल रादौर के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सविता देवी को मंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सविदा देवी का स्वागत किया।

नवनियुक्त मंडल उपाध्यक्ष सविता देवी ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, नेपाल राणा का हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वह अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगी। उन्होंने बताया कि भाजपा पार्टी में महिलाओं को भी पद देकर उनका सम्मान किया जा रहा है। अन्य किसी पार्टी ने इस तरह महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की है। मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने बताया कि भाजपा पार्टी में महिला पुरुष सभी कार्यकर्ताओं को बराबर का मौका दिया जाता है। कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होते है। जिनका सम्मान करना अनिवार्य है।



यमुनानगर। रादौर में नवनियुक्त भाजपा मंडल की उपाध्यक्ष को सम्मानित करते हुए।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर तीन गरीब कन्याओं का करवाया सामूहिक विवाह

- पंचमुखी हनुमान मंदिर सांगीपुर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सनातन धर्म आशा ज्योति समाजसेवी संस्था के तत्वावधान में बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर पंचमुखी हनुमान मंदिर सांगीपुर में 153वां सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद परिवार की तीन कन्याओं का विवाह संपन्न करवाया गया।

कार्यक्रम के दौरान विवाहित कन्याओं को डबल बेड, अलमारी, पेटी व अन्य जरूरत का सामान भेंट किया गया। विवाह समारोह में दो कन्याओं का हिंदू रीति रिवाज से व एक कन्या का मुस्लिम रीति रिवाज से विवाह संपन्न करवाया। आचार्य विजय गोपाल ने कहा कि कन्यादान महादान होता है।

कन्यादान मनुष्य अपने कल्याण के लिए करता है। जब कन्यादान होता है तो मनुष्य के पितरों की कृपा होती है। कार्यक्रम में आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल, महंत अरूण पुरी, समहत पुरी, सुभाष शर्मा, अश्विनी कांबोज, रविंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, ममता शास्त्री, ज्योति देवी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** पंचमुखी हनुमान मंदिर सांगीपुर में आयोजित विवाह समारोह में कन्याओं को आशीर्वाद देते गणमान्य लोग।

# जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज नई तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- कार्यशाला में 80 से अधिक छात्र हुए शामिल

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के बीसीए विभाग में बुधवार को एक दिवसीय फुल स्टैक डेवलपमेंट मर्न कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें टेक लाइव सॉल्यूशंस मोहाली के सॉफ्टवेयर डेवलपर नवनीत सिंह ने शिरकत की। जिसमें 80 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

मुख्यवक्ता नवनीत सिंह ने छात्रों को आधुनिक समय के अनुसार नई तकनीक सीखते को प्रेरित किया। छात्रों को फुल स्टैक मरन, रिएक्ट जेएस जैसी नई तकनीक पर कार्य करना सिखाया। निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं से प्रभावित होकर छात्र अपने करियर को सही दिशा में ले जा सकते हैं। इस मौके पर बीसीए विभाग के एचओडी डॉ.नवदीप कुमार, दीप्ति चौहान, संवेदना, प्रियंका व ममता इत्यादि मौजूद रहे।

# निशिका मिस और मुकुल मिस्टर फाइनल, गरिमा मिस रनअप चुनी

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में हुआ विदाई पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में बुधवार को बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने किया। मुकुल मिस्टर फाइनल व निशिका मिस फाइनल चुनी गई।

प्राचार्या ने कहा कि यह परंपरा हर वर्ष बड़ी खुशी के साथ पूरी होती है। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाते हुए अपनी अलग-अलग प्रस्तुतियां दी। पार्टी में मुकुल को मिस्टर फाइनल व बलविंदर सिंह को मिस्टर फाइनल रनरअप चुना गया। जबकि निशिका को मिस फाइनल व गरिमा को मिस फाइनल रनरअप चुना गया। निर्णायकों की भूमिका प्रो.जयचंद, प्रो.पिंकी, प्रो.सिमरन ने निभाई।

स्टाफ ने फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों को आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने इस भव्य विदाई पार्टी के आयोजन के लिए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का आभार जताया। मौके पर डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.रीचा सीकरी, प्रो.नवीन भारद्वाज, प्रो.नीतू कांबोज, प्रो.बंटी कुमार आदि मौजूद रहे।

## नाचरौन बिजली सप्लाई बाधित: पेयजल की सप्लाई बाधित

# वाल्मीकि और हरिजन बस्ती के लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



रादौर क्षेत्र के गांव नाचरौन में एक ट्रांसफार्मर के ब्लेड के वायर दो दिन से खराब होने से बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। बिजली सप्लाई बाधित होने से हरिजन व वाल्मीकि बस्ती के घरों समेत अन्य दर्जनों गांव में बिजली सप्लाई सुचारू रुप से नहीं हो रही है। जिसकी वजह से लोग पेयजल को तरस रहे हैं, वहीं, गर्मी की वजह से लोग परेशान हैं। खास बात यह है कि संबंधित लाइनमैन लोगों द्वारा बिजली सप्लाई बाधित होने की शिकायत मिलने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने और उनकी बिजली की समस्या को दूर किए जाने की मांग की है।

ग्रामीण बी सिंह चौहान, साहब सिंह, चरण सिंह, मोनू, अंकित आदि ने बताया कि उनके गांव नाचरौन में हरिजन बस्ती के नजदीक बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। इस ट्रांसफार्मर से हरिजन बस्ती व वाल्मीकि बस्ती के अधिकांश घरों समेत अन्य दर्जनों घरों में बिजली सप्लाई होती है। मगर पिछले दो दिन से ट्रांसफार्मर के ब्लेड के वायर खराब होने से बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। बिजली सप्लाई कभी बेहद कम और तो कभी अचानक बढ़ने से लोगों के बिजली उपकरण भी खराब होने लगे हैं।

उनका कहना है कि बिजली सप्लाई खराब होने से ना तो पंखे चल पा रहे हैं और ना ही अन्य उपकरण चल रहे हैं। लोग पीने के पानी के लिए भी तरस रहे हैं। रात्रि और दोपहर के समय लोग बिजली नहीं होने से गर्मी से त्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में संबंधित बिजली कर्मचारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर दो दिन बाद बुधवार को भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित लाइनमैन शिवचरण से कई बार संपर्क किया गया। मगर उसने कोई रिस्पांस नहीं दिया। उसने ग्रामीणों को नाइट स्टॉफ रखवाने के लिए कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

### करवाएंगे समस्या का समाधान

बिजली विभाग के संबंधित जेई मोहन लाल का कहना है कि ग्रामीणों ने उन्हें मामले से अवगत करवाया है। वह जल्द ही समस्या का समाधान करवाएंगे।

## खबर संक्षेप


लाहन के साथ पकड़ा गया आरोपी।

### शराब रखने व बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने अवैध शऱाब रखने व बेचने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पेहवा पुलिस टीम ने बिना लाईसैंस शराब रखने व बेचने के आरोप में तेजपाल वासी रामगढ जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 285 लीटर लाहन बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 29 अप्रैल को थाना सदर पिहोवा के अंतर्गत पुलिस चौंकी गुमथलागढ़ू प्रभारी पीएसआई अमित कुमार की टीम रामगढ रोड पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि तेजपाल वासी रामगढ अपने मकान में अवैध शराब निकालने व बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव रामगढ स्थित मकान से तेजपाल को बिना लाईसैंस/अनुमति के शराब बनाने व बेचने के आरोप में काबू किया। आरोपी के कब्जा से 285 लीटर लाहन बरामद हुआ।

### मई माह में चलाया जाएगा एंटी टीजिंग अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से मई माह में छेड़छाड़ को रोकने और बेटी को सम्मान देने का एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीएलएसए की तरफ से जगह-जगह जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को छेड़छाड़ को रोकने और बेटियों को सम्मान देने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1091 की भी जानकारी अधिक से अधिक विद्यार्थियों को दी जाएगी ताकि जरूरत पडऩे पर इस हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग किया जा सके।

### नशीला पदार्थ सप्लाई करने का आरोपी काबू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी नॉरकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी मोहम्मद अमीर निवासी घाटमपुर जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अप्रैल को एंटी नारकोटिक सैल की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में सर्कट हाऊस चौंक के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त के आधार पर नया बस अडडा कुरुक्षेत्र के मेन गेट के पास से अजय कुमार वासी गांधीनगर थानेसर को काबू किया था।

### पंचायतों की कृषि योग्य भूमि पट्टे पर देगा प्रशासन

**लाडवा।** एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि खण्ड लाडवा के की ग्राम पंचायत की कृषि योग्य शामलात भूमि को वर्ष 2025-26 के लिए पट्टे पर छोड़ा जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायतें अपने गांवों में मुनादी करवाएं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे । पूरी कार्यवाही की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। भूमि की राशि मौके पर पट्टेदार से लेकर तुरंत ग्राम पंचायत के खाते में जमा करवाई जाए और पट्टेदार को इसकी रसीद भी दी जाए। इसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित ग्राम सचिव की होगी। उन्होंने कहा कि पट्टे जितनी भूमि जिस श्रेणी के लिए आरक्षित है, उसी श्रेणी के व्यक्तियों के नाम पट्टे पर छोड़ी जाए। ग्राम सचिव पट्टे रजिस्टर की छाया प्रति, रसीद नंबर-4 की छाया प्रति स्वयं सत्यापित करके खंड कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करेंगे।

### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की हुई बैठक

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री खरैती लाल सिंगला की अध्यक्षता में एक निजी संस्थान में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश मंगला भी मौजूद रहे। बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, कॉलेजों में हीट वेव से बचने का विशेष प्रबंध हो

- हर व्यक्ति को हीट वेव से बचाव करना चाहिए
- सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाएं
- डीसी ने की हीट वेव की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हीट वेव को देखते हुए सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग में जरूरत के अनुसार तैयारी करना सुनिश्चित करे। इस जिले के आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थाओं में पीने के पानी और हीट वेव से बचने का विशेष प्रबंध हो और बच्चे, बुजुर्ग तथा बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। यदि कोई हीट वेव के संपर्क में आता है तो उसको तुरंत ठंडे स्थान पर लेकर जाएं, पेयजल उपलब्ध करवाई और स्थिति गंभीर होने पर हेल्पलाइन नंबर 108 व 102 पर कॉल कर मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाए। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित हीट वेव की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अप्रैल से जुलाई महीने तक हीट वेव का दौर चलता है। इस समय हर व्यक्ति को हीट वेव से बचाव करना चाहिए। चाहिए।




### आंगनबाड़ी में बच्चों को पिलाएं ओआरएस का गोल

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि स्कूलों व आंगनबाड़ी में बच्चों को पीने के पानी के साथ ओआरएस का घोल पिलाया जाए ताकि स्कूली बच्चे हीट वेव से बचे रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व वर्करों को ओआरएस बनाने की ट्रेनिंग दी गई है। आंगनबाड़ी केंद्र पर ही ओआरएस तैयार करके बच्चों को दिया जा रहा है। साथ ही कैम्पर से पीने के पानी की सुविधा दी जा रही है। उपायुक्त ने जिला प्रशासन के सभी विभाग अपने स्तर पर हिट वेब से बचने की सभी तैयारियां को पूरा करना सुनिश्चित करें।

### खेतों में लगाने को 50 हजार पौधे किसानों में बांटे

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस महीने में किसानों को खेतों में लगाने के लिए 50 हजार पौधे वितरित किए गए हैं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार बरसात की सीजन में स्कूलों में फलदार व छायादार पौधे वितरित किया जाए, ताकि उनसे छाया और फल प्राप्त हो सके और स्कूलों का तापमान सामान्य रह सके। वन विभाग द्वारा जिले में 3 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

### सचारू बिजली सप्लाई दे विभाग

उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि वह पशुओं के लिए जरूरी दवाइयां अन्य सुविधाओं को पूरा करे। सडक़ों पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं के लिए भी जरूरी प्रबंध किए जाएं। साथ ही जिला में मौजूद सभी गौशालाओं में जाकर पीने के पानी व अन्य प्रबंध का जायजा लिया जाए। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हीट वेव को देखते हुए बिजली विभाग बिजली सप्लाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर ध्यान दें। जरूरत पडऩे पर ही बिजली के कट लगाए जाए। सिंचाई विभाग और पब्लिक हेल्थ विभाग शहर में पीने के पानी की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, डीएमसी सतेंद्र सिवाच, सिविल सर्जन डा.सुखबीर सिंह, डा. कृष्ण दत्त, हरियाणा रोडवेज जीएम शेर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री बुलाएं सर्वदलीय बैठक, पानी के मुद्दे पर पूरा विपक्ष साथ

# भाखड़ा के पानी पर हरियाणा का हक है और हमेशा रहेगा : अशोक अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर के विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि पंजाब मे आम आदमी पार्टी की सरकार अपनी विफलता को छुपाने के लिए पानी का इस्यू बना रही है। पंजाब मे आम आदमी पार्टी की सरकार फेल हो चुकी है, मान सरकार को पंजाब के लोग बदलना चाहते हैं। लोगों का ध्यान बांटने के लिए भगवंत मान इस प्रकार की बात करते हैं। भाखड़ा के पानी पर हरियाणा का हक था, हक है और भविष्य मे भी रहेगा। इसके लिए हरियाणा मजबूती से लडाई लडेगा। वे बुधवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने कहा कि जब हरियाणा व पंजाब अलग अलग हुए थे तब से हरियाणा के हिस्से का पानी हरियाणा को मिलता है। इसके बाद एसवाईएल का पानी भी मिलना है जोकि पंजाब द्वारा रोका हुआ है। अब भाखड़ा के पानी मे कटौती करने की बात पंजाब के मुख्यमंत्री कह रहे हैं जोकि बिल्कुल गलत है। हरियाणा कोई भीख नही मांग रहा है बल्कि अपना हक ले रहा है। हरियाणा को पहले ही अपने हिस्से से पानी कम मिल रहा है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को सख्त संज्ञान लेना चाहिए व सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए

**बोले, पंजाब पानी नही देगा तो हरियाणा को पंजाब के लिए रोक देना चाहिए सड़क रास्ता**



### भाजपा नेता द्वारा डीएसपी से माफी मंगवाना शर्मनाक

सिरसा के भाजपा नेता द्वारा हरियाणा पुलिस के डीएसपी से माफी मंगवाने के मामले मे अशोक अरोड़ा ने कहा कि इससे पुलिस का मनोबल गिरेगा। सीएम सिक्योरिटी मे पुलिस की डयूटी होती है, उसमे बकायदा प्रोटोकोल फोलो होता है। पुलिस यदि प्रोटोकोल निभाती है तो उनसे माफी मंगवाई जाती है, इसकी वे निंदा करते हैं। अरोड़ा ने कहा कि डीएसपी ने अपनी डयूटी निभाई है, यदि डयूटी निभाने से सजा मिलती है तो आगे से डयूटी कौन निभाएगा। इससे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों का मनोबल गिरेगा। पुलिस यदि गलत करती है तो कार्रवाई भी करनी चाहिए लेकिन डयूटी निभाने की सजा यदि मिली है तो सरासर गलत है।

### पंजाब के खिलाफ लड़ाई लड़ें

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर मिलकर पंजाब के खिलाफ लडाई लड़नी चाहिए। यदि पंजाब पानी मे कटौती करने की बता करता है तो हरियाणा होकर पंजाब जाने वाले वाहनों को रोक देना चाहिए। ऐसे मे पंजाब के मुख्यमंत्री को भी यदि दिल्ली जाना है तो हरियाणा की सड़कों से न निकलकर हवाई रास्ते से होकर जाना चाहिए। इस मामले मे हरियाणा सरकार को पूरी सख्ती बरतनी चाहिए क्योंकि यह प्रदेश के लोगों के हक की लड़ाई है।



## इंस्पेक्टर रोशन लाल समेत 6 पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा पुलिस की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा, महिलाओं को डायल-112 से जोड़कर उनकी यात्रा को सुरक्षित करने में सक्षम बनाएगी। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को 112 पर कॉल कर वेब आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण के साथ-साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा। यात्री की निगरानी हरियाणा डायल-112 द्वारा हर आधे घंटे के उपरांत आवेदक को कॉल करके की जाएगी। आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सहायता के लिए निकटतम ईआरवी को भेजा जाएगा व यात्री द्वारा सांझा किए गए आपातकालीन नंबर पर भी संपर्क किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि सफर करते समय युवतियां व महिलाएं टैक्सी व अन्य साधन में बैठते ही अपने घर पर अपने परिचितों से मोबाइल कॉल पर बात करती हैं। लेकिन अब महिलाओं की ट्रिप को पुलिस भी मॉनिटर करेगी ताकि इस दौरान इनके साथ किसी भी प्रकार का कोई अपराध न हो। महिलाओं से अपील है कि वे अपनी यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा दी जा रही ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा का प्रयोग करें।

## नशे से नहीं, शिक्षा से दोस्ती करो : प्रो संगीता

- संस्कारों की शक्ति से, नशा मुक्त जागरूक अभियान के अन्तर्गत शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अथर्व नव विकास संस्थान ने राजकीय उच्च विद्यालय पलवल में वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए संस्कारों की शक्ति से, नशा मुक्त जागरूक अभियान के अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संस्कारों की शक्ति एवं नशे के खतरों से अवगत कराना और उन्हें एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है। विद्यार्थियों के मन में नशे के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता और जागरूकता उत्पन्न करते हुए संस्था की अध्यक्ष प्रो संगीता गुप्ता ने कहा कि हम सबका सपना होता है अच्छा जीवन जीने का डॉक्टर बनना, इंजीनियर बनना, खिलाड़ी बनना या कुछ और बड़ा करना लेकिन हमारे जीवन में कुछ गलत चीजें आ जाती हैं, जो हमारे सपनों को छीन सकती हैं। संस्कार वह दीप हैं, जो अंधकार में भी राह दिखाते हैं। संस्कार हमें सही और गलत के बीच भेद करना सिखाते हैं। यदि संस्कार मजबूत हों, तो कोई भी बुरी आदत हमें छू भी नहीं सकती। संस्कारों की शक्ति से ही हम नशे जैसे विकारों पर विजय पा सकते हैं। डॉ संजय शर्मा महासचिव ने कहा कि नशा का मतलब है कोई ऐसी आदत जो शरीर और दिमाग दोनों को नुकसान पहुँचाती है। विद्यालय के प्रिंसिपल मनबीर शर्मा ने संस्था के अध्यक्ष प्रो संगीता गुप्ता,डॉ संजय शर्मा, प्रो एस एन गुप्ता नीट कुरुक्षेत्र, रविंदर कुमार अस्सिटेंट रजिस्ट्रार नीट, सुशील चित्रा समाजसेवी,हरविंदर बंसल महासचिव ग्रेन मार्किट संस्था कुरुक्षेत्र का अभिनन्दन व आभार व्यक्त किया।

## जाट धर्मशाला चुनाव मे कृष्ण पैनल की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बुधवार को जाट धर्मशाला कार्यकारिणी के हुए चुनाव मे प्रधान पद के उम्मीद्वार कृष्ण श्योकंद के पैनल ने जीत दर्ज कर ली है। जैसे ही देर सायं कृष्ण श्योकंद पैनल के जीतने का समाचार आया, वैसे ही समर्थकों ने लड्डू बांटने शुरु कर दिए गए। कृष्ण श्योकंद ने 30 मतों के मार्जन से जसमेर घराड़सी को हराकर जीत दर्ज की। वहीं कृष्ण श्योकंद पैनल मे उपप्रधान पद के उम्मीदवार बन्नी सिंह ढुल लोहारमाजरा, सचिव पद के हरकेश लाल सहारण गांव बारना, सहसचिव होशियार सिंह गांव बारवा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नैन सिरसमा ने जीत दर्ज की है। वहीं इसी ग्रुप के कार्यकारिणी सदस्य उम्मीदवार गंगा बिशन सहारण गांव रामगढ, रमेश मलिक, पूर्व सरपंच गांव खुराना, ऋषिपाल नैन गांव अन्दाना, बलविंद्र संगरोहा गांव ग्योंग, जितेंद्र कैंदल, गांव घराडसी ने जीत दर्ज की है। वहीं एक कार्यकारिणी सदस्य अंग्रेज चीबा जोकि जसमेर घराड़सी ग्रुप से थे, ने जीत दर्ज की है। बता दें कि चुनाव के लिए पिछले काफी समय से दोनो ग्रुपों की ओर से पूरी ताकत झोंक रखी थी। नवनियुक्त प्रधान कृष्ण श्योकंद ने कहा कि लोगों ने जो जिम्मेवारी दी है उसे वे बाखूबी निभाएंगें।

## कुष्ठ आश्रम में मनाया अक्षय तृतीया का त्योहार

- सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सदस्यों ने पावन पर्व की शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया कोई भी त्यौहार व उत्सव जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों की सहायता कर मनाता है। कुरुक्षेत्र के डोडा खेड़ी स्थित श्री राम कुष्ठ आश्रम में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सदस्यों तथा पदाधिकारियों द्वारा वहां रहने वाले परिवारों के संग अक्षय तृतीया का त्यौहार मनाया। सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने सभी को अक्षय तृतीया के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। यह पर्व सभी के जीवन में स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, यश-वैभव लाए। उन्होंने कुष्ट आश्रम में रहने वाले सभी लोगों को उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी को बूस्टर गिफ्ट पैक दिए। जिसमें डाबर ग्लूकोज डी, टूथपेस्ट, टूथब्रश, नारियल तेल, खांसी से बचाव के लिए डाबर हनीटस आदि सामान वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि सेवा ट्रस्ट यूके समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखता है। मित्तल ने बताया की सेवा ट्रस्ट अंबाला के साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बना रहा है। जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामाजिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी। जिसमें दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है। सेवा ट्रस्ट की वालंटियर रेणुका व तेजस ने बताया कि ट्रस्ट आशा वर्कर्स, सफाई कर्मचारी, ब्लड डोनर, होनहार खिलाडिय़ों व सरकारी स्कूल में पढऩे वाले छात्रों को समय समय पर इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर सम्मानित करता रहता है।


**कुरुक्षेत्र।** कुष्ठ आश्रम में सामान वितरित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## सीजेएम ने किया बाल आश्रम का निरीक्षण

- बच्चों से बात की और सुविधाओं के बारे में जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जीवनमय बाल आश्रम लाड़वा का अवलोकन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने वहां पर रह रहे बच्चों से बातचीत की और बच्चों के कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले भोजन का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस प्राधिकरण के माध्यम से बच्चों को नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। निरीक्षण के दौरान बाल आश्रम में गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाल आश्रम में आने वालों बच्चों के स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए और उन्हें पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाए। सुरक्षा की दृष्टि से भी पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि बाल आश्रम में बच्चों को कोई समस्या न हो।


**लाडवा।** बाल आश्रम का निरीक्षण करती सीजेएम।

### परिवार वृद्धाश्रम देखकर और बुजुर्गों से मिलकर भाव विभोर हो उठा

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में पहुंचे शिल्पकार अरुण योगीराज से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अ कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी में घरों से निकाले गए एवं अपनों द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गों को आश्रय देने वाले प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि प्रेरणा वृद्धाश्रम की ख्याति सुन विश्व प्रसिद्ध शिल्पकार अरुण योगीराज परिवार सहित यहां पहुंचे। अरुण योगीराज एवं उनका परिवार वृद्धाश्रम देखकर और बुजुर्गों से मिलकर भाव विभोर हो उठा। उन्होंने कहा कि ऐसा वृद्धाश्रम आज तक नहीं देखा है, जहां बुजुर्गों को इतना मान सम्मान दिया जा रहा है और साथ ही बुजुर्गों को रहन सहन के लिए पांच सितारा सुविधाएं निशुल्क दी जा रही हैं। डा. सिंगला ने कहा कि प्रेरणा संस्था के सदस्यों एवं प्रेरणा वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के लिए बहुत ही प्रसन्नता का दिन था। उनके वृद्धाश्रम में अयोध्या में भगवान श्री रामलला की मूर्ति बनाने वाले विश्व प्रसिद्ध शिल्पकार अरुण योगीराज अपनी धर्मपत्नी शिल्पा योगीराज के साथ पहुंचे।उनके साथ एशिया के सबसे ऊंचे 18 मंजिला ज्ञान मंदिर के प्रधान राजेश गोयल, अमरनाथ भंडारा समिति के अध्यक्ष राजन कपूर, ज्ञान मंदिर के कैशियर देशराज सिंगला और मंदिर ट्रस्टी सतीश अग्रवाल भी पहुंचे। इस मौके पर सभी का डा. जय भगवान सिंगला एवं प्रेरणा संस्था की अध्यक्षा रेनू खुंगर द्वारा विधिवत स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। वृद्धाश्रम में पहुंचे सभी अतिथियों ने यहां मंदिर में प्रभु दर्शन किए व तत्पश्चात शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। सभी ने वृद्धाश्रम का अवलोकन करते हुए यहां बनाए जा रहे संग्रहालय को देखकर आश्चर्य एवं प्रसन्नता व्यक्त की। डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि उनके लिए भी अदभुत अवसर है कि आज उनके बीच अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्रतिमा बनाने वाले भाई अरुण योगीराज मौजूद है। बुजुर्गों की भी खुशी का ठिकाना नहीं है। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की सभी बुजुर्ग माताओं ने कई मधुर भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी झूम उठे। प्रेरणा संस्था की तरफ से सभी मेहमानों को शाल ओढ़ाकर एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।


**कुरुक्षेत्र।** प्रेरणा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ एवं अतिथियों का सम्मान करते हुए।

## ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा से महिलाओं की यात्रा होगी सुरक्षित : एसपी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पुलिस की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा, महिलाओं को डायल-112 से जोड़कर उनकी यात्रा को सुरक्षित करने में सक्षम बनाएगी। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को 112 पर कॉल कर वेब आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण के साथ-साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा। यात्री की निगरानी हरियाणा डायल-112 द्वारा हर आधे घंटे के उपरांत आवेदक को कॉल करके की जाएगी। आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सहायता के लिए निकटतम ईआरवी को भेजा जाएगा व यात्री द्वारा सांझा किए गए आपातकालीन नंबर पर भी संपर्क किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि सफर करते समय युवतियां व महिलाएं टैक्सी व अन्य साधन में बैठते ही अपने घर पर अपने परिचितों से मोबाइल कॉल पर बात करती हैं। लेकिन अब महिलाओं की ट्रिप को पुलिस भी मॉनिटर करेगी ताकि इनके साथ किसी भी प्रकार का कोई अपराध न हो।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी निशांत कुमार को गिरफ्तार किया है। डिफेंस कॉलोनी के रहने वाले प्रमोद कुमार ने 29 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी निशांत ने सैक्टर-ए डिफेंस कॉलोनी में स्थित उसकी दुकान में घुसकर गल्ले से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-शहजादपुर ने थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी रामदास व अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। सीएचसी के सिक्योरिटी गार्ड राकेश कुमार ने 26 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने सरकारी अस्पताल से जरनेटर की बैटरी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### गेहूं उठान में तेजी लाएं एजेंसियां

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 239700.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद पूरी हो गई है। अब तक 51690 किसान गेहूं लेकर मंडियों में आ चुके हैं। एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 85.6 प्रतिशत के साथ 205180 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। पायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

### सेवानिवृत पर पुलिस अधिकारियों को दी विदाई

**अंबाला।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार पुलिस से सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के सम्मान में विशेष विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें डीएसपी रजत गुलिया के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारियों ने हिस्सेदारी की। इस दौरान सेवानिवृत पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक लाल चंद उप निरीक्षक गुरमीत सिंह उप निरीक्षक प्रेमचंद उप निरीक्षक सुशील कुमार व मुख्य सिपाही चरण जीत सिंह को विदाई दी गई।

### 'कांग्रेस एक गद्दार पार्टी': परिवहन मंत्री

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ''कांग्रेस पार्टी एक गद्दार पार्टी है। कांग्रेस पार्टी एक शत्रु पार्टी है तथा कांग्रेस पार्टी पाकिस्तानवादी पार्टी है। इनको तो हिंदुस्तान में रहने का भी अधिकार नहीं है''। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि ''कांग्रेस के लिए पाकिस्तान का बार्डर कुछ समय के खोल देना चाहिए ताकि सभी कांग्रेसी पाकिस्तान चले जाएं'। विज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ''सारी दुनिया में लोग और सैनिक अपने नायक का सिर ऊंचा रखते हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से स्ट्रक्चर गिरा, 3 घायल

**जींद।** बुढाबाबा बस्ती में मकान निर्माण के दौरान बनाए गए स्ट्रक्चर को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिसमें चिनाई कर रहे तीन मजदूर गिर कर घायल हो गए। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वकर्मा कालोनी निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथी मुकेश, संतोष के साथ बुढाबाब बस्ती में चिनाई का कार्य कर रहे थे। तीनों गली में स्ट्रक्चर बना कर उपर कार्य कर रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर तथा ट्राली ने स्ट्रक्चर को टक्कर मार दी। जिसमें ये लोग घायल हो गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## शादी समारोह में ड्रोन उड़ाए जाने को लेकर अब फोटोग्राफरों को लेनी होगी परमिशन, जल्द ही ऑर्डर भी जारी कर दिए जाएगा: उपायुक्त

### अंबाला शहर, अम्बाला छावनी व नारायणगढ़ में अटल किसान मजदूर कैंटीन खोली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गेहूं खरीद के तहत सभी मंडियों में सुचारू रूप से कार्य चल रहा है। गेहूं की अधिकतर मंडियों में आवक हो चुकी है। अब तक सभी मंडियों में लगभग ढाई लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इसके साथ 2 लाख 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं मंडियों में खरीदी जा चूकी हैं। इसके साथ-साथ 2 लाख 10 हजार मीट्रिक टन गेहू का उठान हो चूका है। किसानों के खातों में 3 करोड़ 58 लाख रुपये स्थानांतरित भी की जा चुकी हैं।

**खास बातें**

- ज़्यादातर मंडियों में हो चुकी है गेहूं की आवक पूरी, 2 लाख 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद पूरी
- अब तक 3722 शिकायतों का निपटान हो चुका

**पत्रकारों से रूबरू होते डीसी**



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते डीसी अजय सिंह तोमर।

### मंडियों में किसानों के लिए बेहतर व्यवस्था की गई

उपायुक्त बुधवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों, आढ़तियों व लेबर के लिए भी पहले से ही बेहतर व्यवस्था की गई थी। अंबाला शहर, अम्बाला छावनी व नारायणगढ़ में अटल किसान मजदूर कैंटीन खोली गई है। गेहूं खरीद का कार्य सभी के सहयोग से बेहतर तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### बची 149 शिकायतों का जल्द निपटारा

अभी तक 4021 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। 3722 शिकायतों का निपटान हो चुका है। शेष बची 149 शिकायतों के निपटान हेतू भी कार्रवाई की जा रही हैं। तीन जगहों पर रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत भी आमजन की समस्याओं को सुनने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा अंजाम दी गई घटना बेहद निंदनीय है। पहलगाम में जो शहीद हुए है, उनके परिजनों के साथ सरकार व प्रशासन कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

### नीट की परीक्षा को लेकर व्यापक तैयारियां की जाएंगी

अक्षय तृतीय के तहत बाल विवाह होने के प्रदेश में बहुत कम केस हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम भी किया गया है। इसको लेकर जल्द ही ऑर्डर भी जारी कर दिए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि नीट की परीक्षा को लेकर भी सभी व्यापक तैयारियां व व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस मौके पर डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, एआईपीआरओ अजीत सिंह, डीएसपी विजय कुमार भी मौजूद रहे।

### नगर निगम की ओर से अमल में लाई जा रही है कार्रवाई

## बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग्स हटाने के आदेश, 40 को भेजा नोटिस

- शहर में कई दिन से चल रही है अवैध होर्डिंग्स हटाने को लेकर कार्रवाई
- अतिक्रमण को खुद हटाने के लिए निगम की ओर से सात दिन का समय दिया गया
- इस बार होर्डिंग के साथ खंभे व पोल भी हटाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्रवाई के दौरान होर्डिंग्स ले जाते नगर निगम कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

अंबाला शहर में अतिक्रमण और बिना अनुमति के लगाए होर्डिंग हटाने के लिए नगर निगम ने नोटिस देने शुरू कर दिए हैं। निगम की ओर से शहर के अंबाला-राजपुरा हाईवे, पुरानी दिल्ली रोड, अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे पर जंडली तक और शहर में अन्य जगहों पर लगाए होर्डिंग हटाए जाएंगे।

पहले भी निगम की ओर से इन होर्डिंग और अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्रवाई की है, मगर इस बार निगम कार्रवाई के लिए पहले से तैयारी कर रहा है। निगम होर्डिंग उतारने के साथ उनके पोल और खंभे भी हटाएगा। निगम ने अतिक्रमण हटाने के लिए 20 और होर्डिंग हटाने के लिए 40 नोटिस दिए हैं। इन अतिक्रमण को खुद हटाने के लिए निगम की ओर से सात दिन का समय नोटिस में दिया गया है। दरअसल, शहर में अंबाला-राजपुरा हाईवे, अंबाला-चंडीगढ़ रोड और पुरानी दिल्ली रोड पर सिविल अस्पताल से लेकर जंडली पुल तक होर्डिंग की भरमार है। निगम ने 40 लोगों को होर्डिंग हटाने के लिए नोटिस दिए हैं। कई लोगों ने अपने दुकान और शोरूम पर भी निगम की बिना अनुमति के होर्डिंग रखे हैं। इस वजह से निगम को तो राजस्व का नुकसान हो रहा है। साथ ही शहर की सुंदरता भी खराब हो रही है। यही नहीं इन होर्डिंग को देखकर लोगों का ध्यान भटकता है, जिस वजह से सड़क हादसे भी होते हैं। निगम की ओर से इन होर्डिंग के लिए समय-समय पर कार्रवाई नहीं की जाती। वहीं, इससे पहले पूर्व मेयर शक्ति रानी शर्मा ने भी शहर में बिना निगम की अनुमति के होर्डिंग लगाने का मुद्दा उठाया था। तब भी निगम ने कार्रवाई की थी, लेकिन थोड़े दिन बाद फिर वहीं स्थिति बन गई। नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने को लेकर भी कार्रवाई की जा रही है। बीते दिनों निगम ने बांस बाजार और जंडली क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। इसके साथ ही 20 ऐसे लोगों को भी नोटिस दिए गए हैं, जिन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। उन लोगों को सात दिन का समय दिया गया है। निगम की ओर से अब होर्डिंग उतरवाने के साथ ही खंभे व पोल भी हटाए जाएंगे।

**नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई**

> शहर से अतिक्रमण और होर्डिंग हटाने के लिए नोटिस दिए हैं। लोगों को खुद ही अतिक्रमण हटाने के लिए सात दिन का समय दिया है। इसके बाद निगम खुद ही अतिक्रमण और होर्डिंग हटवाएगा। इस बार होर्डिंग के साथ खंभे व पोल भी हटाए जाएंगे। -दीपक सूरा, सहायक म्यूनिसिपल कमिश्नर



नारायणगढ़। विदाई समारोह में शिक्षकों के साथ मौजूद छात्र। फोटो: हरिभूमि

### एमए फाइनल के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई

## आंचल बनी मिस फेयरवेल, ऋतिक को मिला मिस्टर हैंडसम का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

- राजकीय महाविद्यालय के एमए हिस्ट्री के छात्रों को जूनियर्स ने दी सीनियर्स को विदाई

राजकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में एमए हिस्ट्री के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. खुशीला के मार्गदर्शन एवं कार्यकारी प्राचार्य डॉ. प्रोफेसर देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में किया गया। इस विशेष अवसर पर सबसे पहले विद्यार्थियों ने प्राचार्य व इतिहास विभागाध्यक्ष एवं स्टाफ का कार्यक्रम में पहुँचने पर स्वागत किया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अब वे एक नए सफर की ओर बढ़ रहे हैं जहां चुनौतियां होंगी लेकिन हमें विश्वास है कि वे सब उनका सामना दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से करेंगे। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को कहा कि यह केवल एक विदाई नहीं, बल्कि नए सफर की शुरुआत है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जिसमें गायन, नृत्य, रैंप वॉक, गेम्स संबंधित प्रतियोगिताएं भी कराई गई।इसके अतिरिक्त सीनियर्स छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में बिताए गए अपने अनुभव सांझा किए और अपने जूनियर्स का बेहतरीन आयोजन लिए। अपने शिक्षकों को टाइटल देकर आभार व्यक्त किया। पूरा माहौल भावुकता और उत्साह से भरा रहा। प्रोफेसर संजीव कुमार अंग्रेज़ी विभाग, डॉ. अपूर्वा चावला,प्रोफेसर रेनू कुमारी वाणिज्य विभाग ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को आगे की जिंदगी के लिए प्रेरणादायक संदेश दिए। प्रोफेसर नरेश कुमार एवं डॉ बलदेव सिंह ने खूबसूरत गीतों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया,जिसने विदाई समारोह को एक यादगार अनुभव बना दिया। आंचल मिस फेयरवेल, जगदीप मिस्टर फेयरवेल, राधिका मिस ब्यूटीफुल, ऋतिक मिस्टर हैंडसम बने। एमए प्रथम के विद्यार्थी हैप्पी, शिवानी, अलीशा व एमए अंतिम वर्ष की राधिका भाटिया एवं शिवानी ने किया। विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक, प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय रहा। इस अवसर पर प्रो.जोगा सिंह, प्रो.मृदुल,डॉ स्वर्णजीत,परवीन कुमार मौजूद रहे।

### जगह चिह्नित के बाद तीन ठेकेदारों ने किया आवेदन

## अंबाला छावनी बस स्टैंड पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी बस स्टैंड परिसर में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए तीन ठेकेदारों ने आवेदन किया है। अब रोडवेज अधिकारी फंड के लिए एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय भेजेंगे। मुख्यालय से फंड जारी होने के बाद तुरंत की चार्जिंग स्टेशन बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इससे आने वाले समय में ई बसों को चार्जिंग के लिए अंबाला सिटी बस स्टैंड की दौड़ नहीं लगानी पडेग़ी। ई बसें कैंट में ही जल्द चार्ज होकर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देंगी। असल में अंबाला छावनी बस स्टैंड परिसर में लाल कुर्ती की तरफ ई बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाना है। स्टेशन में मीटर, पैनल और बड़ा चार्जर लगाया जाएगा। इस चार्जिंग स्टेशन के लिए रोडवेज अधिकारी और जेवीएम कंपनी के पदाधिकारी पहले ही चिन्हित जगह का दौरा कर चुके हैं। वहीं अधिकारियों की ओर से 300 किलोवाट के बिजली के नए कनेक्शन के लिए भी अप्लाई कर दिया है। अंबाला डिपो के पास पांच इलेक्ट्रिक बसें हैं। यह बसें अंबाला सिटी से अंबाला छावनी मार्ग पर संचालन कर रही हैं। इन बसों को चार्ज करने के लिए अंबाला सिटी पर बनाए गए चार्जिंग स्टेशन पर चार्ज करना पड़ता है। अधिकतर बसों को चार्ज करने के लिए स्पेशल अंबाला शहर जाना पड़ता है। क्योंकि अंबाला में अभी एक ही चार्जिंग स्टेशन लगाया गया है।

### हरियावल पंजाब ने सेवा भारती के रक्तदान शिविर में की पौधा वितरण सेवा



**खरड़ (चंडीगढ़)।** सेवा भारती खरड़ द्वारा आयोजित रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सकीय शिविर में क्षेत्र के अनेक सेवाभावी संगठनों का योगदान उल्लेखनीय रहा। शिविर में पी जी आई एम ई आर चंडीगढ़ की टीम द्वारा 40 रक्तदाताओं का रक्त संग्रह किया गया, वहीं लगभग 150 लोगों ने क्लियरमेडी हेल्थकेयर और पाथविजन लैब्स द्वारा प्रदान की गई विशेषज्ञ सेवाओं के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सकीय जांच का लाभ लिया। इस अवसर पर हरियावल पंजाब जिला मोहाली इकाई के सदस्य बृजमोहन जोशी, मोहाली जिला समन्वयक अमित कालिया तथा डॉ. प्रदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। हरियावल पंजाब की जिला मोहाली इकाई ने गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड तथा उनके प्रमुख प्रतिनिधि श्री नितिन चौहान के सहयोग से लगभग 100 से अधिक पौधे रक्तदाताओं और अभियान से जुड़े प्रेमी बंधुओ को दिए गए।

## विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को प्रेमनगर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देने और उन्हें सडक़ सुरक्षा के प्रति सजग करने का उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में आरटीए सुशील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उन्हें ट्रैफिक व यातायात नियमों बारे जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है और उसकी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। आरटीए सुशील कुमार ने विद्यार्थियों को सडक़ पर सतर्कता बरतने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों को जीवन में अपनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे न केवल स्वयं जागरूक रहें, बल्कि अपने परिवार व समुदाय को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति विषय पर भी प्रेरक संदेश दिए गए। छात्रों को बताया गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह व्यक्ति के भविष्य और परिवार को भी नुकसान पहुंचाता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके दुष्परिणामों के बारे में अन्य लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सडक़ सुरक्षा और नशा जैसे सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक बनाना था। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने यातायात नियमों का पालन करने और नशे से दूर रहने की शपथ ली। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य ने आज आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को जो महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### हमला कर युवक को किया घायल, केस

**जींद।** सफीदों बाईपास नहर पुल पर बाइकों पर सवार अज्ञात युवकों ने हमला कर एक युवक को घायल कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात छह युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राम कालोनी निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर बाईपास नहर पुल से गुजर रहा था। पीछे से आए बाइक सवारों ने किसी वस्तु से वार किया।

**कार्यक्रम** बराड़ा के उगाला में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

## भगवान परशुराम ने अत्याचारियों का संहार कर स्थापित किया धर्म



बराड़ा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

- अतिथियों को भगवान परशुराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

श्री ब्राह्मण सभा उगाला की ओर से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्री शाकंभरी देवी मंदिर प्रांगण में बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विश्व ब्राह्मण संघ के चेयरमैन जयभगवान शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि ब्राह्मण एकता शक्ति संगठन के महासचिव सुरेंद्र वत्स विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सभा के प्रधान अनूप शर्मा ने किया और सभी आगंतुकों व गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर पवन बक्शी एंड पार्टी ने भगवान परशुराम की महिमा पर आधारित भजन प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि जयभगवान शर्मा ने श्री ब्राह्मण सभा उगाला को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और समाज में एकता व जागरूकता के ऐसे आयोजनों की सराहना की। वत्स ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका बचपन का नाम 'राम' था लेकिन परसा (फरसा) धारण करने के बाद वे 'परशुराम' कहलाए। उन्होंने अत्याचारियों का संहार कर धर्म की स्थापना की। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा ने गांव के सरपंच से समाजिक कार्यों हेतु स्थायी स्थान की मांग रखी, जिस पर सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राणा ने शीघ्र ही भूमि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को भगवान परशुराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी बृजेश शर्मा ने बताया कि आयोजन में गांव की सभी बिरादरियों का सहयोग प्राप्त हुआ। पड़ोसी गांवों से भी गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने उत्सव की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर महेश शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, अरविंद शर्मा, राकेश कौशिक, ब्लॉक समिति सदस्य सरिता शर्मा, जगमोहन शर्मा, सुरेश शर्मा, बाबू राम शर्मा, रवि शर्मा, सुरेश कुमार भी मौजूद रहे।